राजस्व अपील प्राधिकारी

गणेश बनाम गोपाल वगैरह

15.1.21

पत्रावली पेश हुयी। अभिभाषक अपीलांट एवं अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 01, 02 उपस्थित हुए। अभिभाषक अपीलांट ने दिनांक 13.01.2021 को राजीनामा प्रस्तुत किया। राजीनामा के साथ अपीलांट संख्या 3, 4 के स्वंय के हस्ताक्षर किये हुए आधार कार्ड के प्रति प्रस्तुत की तथा रेस्पोडेन्ट संख्या 02 जसराज के स्वंय के हस्ताक्षर किये हुए आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत की है साथ ही अपीलांट संख्या 01 गणेश की मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत की।

अभिभाषक अपीलांट ने अपीलांट संख्या 02 से 04 एवं अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ने संख्या 01से 03 की पहचान कर तस्दीक की। तत्पश्चात राजीनामा पर अभिभाषक उभयपक्ष को सुना गया।

अभिभाषक उभयपक्ष ने बताया कि प्रकरण के तथ्य के अनुरूप खसरा नम्बर 4871 रकबा 0.35 है. रेस्पोडेन्ट का है तथा खसरा नम्बर 4870 रकबा 0.26 है. 4870/7114 रकबा 0.02 है की आराजी अपीलार्थी के खातेदारी की है। दोनो पक्ष वर्किग जमाबंदी के उक्त खसरा नम्बर की वर्णित भूमि पर विद्यमान होकर काबिज है तद्नुसार सीमा क्षेत्रफल व रकबों में कोई परिवर्तन नहीं किया जावे। इस अनुसारं सहमत है। खसरा नम्बर 4871 के राजस्व मानचित्र के रेखाकंन में यदि पूर्व राजस्व मानचित्र से कोई त्रुटि आयी है तो उसे सहमति से संशोधन कर दिया जायें तथा इस संशोधन में अपीलार्थी के किसी भी खसरे को क्षेत्रफल के अनुरूप संशोधित नहीं किया जायेगा जिस रूप में पक्षकारान काबिज है, काबिज रहेगें। मान्नीय न्यायालय से अनुरोध है कि उक्त राजीनामा के अनुसार राजस्व मानचित्र का तुलनात्मक अध्ययन किया जाकर पूर्व मानचित्र के अनुसार उक्त राजीनामें की रूह से संशोधित रेखाकंन कर दिया जायें।

अभिभाषक उभयपक्ष द्वारा राजीनामें पर की गई बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत राजीनामा व अपील का अवलोकन किया गया। उभयपक्ष जरिये अधिवक्तागण द्वारा प्रस्तुत राजीनामों एवं शपथ पत्र एवं सलंग्न पहचान दस्तावेज का अवलोकन किया गया। राजीनामा में अपीलार्थीगण व रेस्पोडेन्टस द्वारा विवादित भूमि के सम्बन्ध में कोई विवाद शेष नहीं रहने बाबत् उल्लेख किया है तथा अपील को राजीनामा के आधार पर निर्णित किये जाने का कथन किया है।

**अतः अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत राजीनामे के आधार पर अपील निर्णित की जाती है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

15/1/21

राजस्व अपील प्राधिकारी
अजमेर

गोपाल

भोलाराम

R Bijawat